इलेक्ट्रिक व्हीकल में बढ़ रहा लखनवियों का रुझान

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को लेकर लोगों में रुझान बढ़ा है। गत वर्ष जहां आरटीओ में 4798 टू व्हीलर ईवी पंजीकृत हुए थे, वहीं इस साल अगस्त तक 5802 वाहन रजिस्टर हो चुके हैं। चार पहिया ईवी की बिक्री में भी तेजी आ रही है।

लखनऊ में कुल 83,899 ईवी पंजीकृत हो चुके हैं। इसमें तकरीबन 60 हजार ई-रिक्शा हैं। वर्ष 2019 में जहां लखनऊ में मात्र 20 ईवी टू व्हीलर आरटीओ में पंजीकृत हुए थे, वहीं अब इनकी संख्या कई गुना बढ़ गई है। नवरात्र और दीपावली पर बिक्री में रिकॉर्ड तेजी आने की उम्मीद है।

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अफसरों के मुताबिक, ईवी खरीदने पर राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। इलेक्ट्रिक वाहन की खरीद पर टैक्स और पंजीकरण फीस नहीं लिया जा रहा है। ईवी की खरीद पर फीस में छूट 2025 तक मिलेगी। इससे भी लोग ईवी में रुचि ले रहे हैं।

प्रदेश में 14 अक्तूबर, 2022 के बाद इलेक्ट्रिक कार खरीदने वालों को एक लाख रुपये तक की सब्सिडी मिल रही है। इसके अतिरिक्त दो पहिया ईवी पर पांच हजार, ई-बस पर 20 लाख रुपये, ई-गुड्स कैरियर्स पर एक लाख रुपये की छूट दी जा रही है।

अफसरों के मुताबिक, 2018 तक डीजल, पेट्रोल वाहनों की बिक्री बहुत अच्छी थी, लेकिन कोरोना के बाद इसमें गिरावट देखने को मिली है।

2019 में महज 20 ईवी टू व्हीलर पंजीकृत हुए थे, इस साल अब तक 5802 का हो चुका रजिस्ट्रेशन

इतनी ईवी हैं लखनऊ में

- 56,580 ई-रिक्शा
- 13,457 मोटर साइकिल/स्कूटर
- 8,565 थ्री व्हीलर पैसेंजर
- 2,335 ई-रिक्शा विद कार्ट
- 1,684 मोटर कार
- 562 थ्री व्हीलर गुड्स
- 549 गुड्स कैरियर
- 154 बस
- 13 मोटर कैब